देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 12.07.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित करते हुए कहा– केंद्र सरकार में युवाओं को स्थायी नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों की बेमौसम के कारण नष्ट हुई फसलों का मुआवजा देने के निर्देश दिए।
- केंद्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मसूरी में आईएएस अधिकारियों से नवाचार और समावेशी विकास के पथप्रदर्शक बनने का आग्रह किया।
- प्रदेश में कल से शुरू हुई श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा पूरे उत्साह व उमंग के साथ जारी है।

नियुक्ति पत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेला देश भर में 47 स्थानों पर आयोजित किया गया है। इस अवसर युवाओं को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार में युवाओं को पक्की नौकरी देने का अभियान लगातार जारी है।

रेल मंत्रालय

रेल मंत्रालय ने भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और तकनीक संगत बनाने के उद्देश्य से कई सुधार किये हैं। उम्मीदवारों की सुविधा के लिये कई उपाय लागू किए गए हैं, जिनमें एक ही बार में पंजीकरण व्यवस्था शामिल है। इसके माध्यम से पूरी भर्ती के दौरान आवेदन प्रक्रिया सरल हो जाएगी।

कृषि क्षति

राज्य में बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि के कारण इस वित्तीय वर्ष में कृषि विभाग के अंतर्गत शून्य दशमलव शून्य शून्य छह हेक्टेयर भूमि को नुकसान हुआ है। जिसमें बागेश्वर जिले में भू–कटाव के कारण यह क्षति दर्ज की गई है। इसी प्रकार, उद्यान विभाग में दर्ज आंकड़ों के अनुसार, इस वित्तीय वर्ष में 4 हजार 773 हेक्टेयर में क्षति का आकलन किया गया है। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि दोनों विभागों में हुई क्षति 33 प्रतिशत से अधिक की श्रेणी में आती है, जिसके कारण यह क्षति आपदा प्रबंधन अधिनियम के अंतर्गत क्षतिपूर्ति के लिए अनुमन्य है। उन्होंने कहा कि इस आकलन के आधार पर, मुआवजे की प्रक्रिया गतिमान है और जल्द ही मानकों के अनुसार प्रभावित किसानों को राहत राशि वितरित की जाएगी।

साथ ही कृषि मंत्री ने राज्य के किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि राज्य सरकार जल्द से जल्द भारत सरकार के मानकों के अनुसार किसानों की फसलों का मुआवजा प्रदान करेगी।

भारतीय मानक ब्यूरो

भारतीय मानक ब्यूरो की देहरादून शाखा ने राष्ट्रीय मानक संगठन के सहयोग से हरिद्वार के रोशनाबाद में 'उपभोक्ता जागरूकता कार्यक्रम' का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम की खास बात यह थी कि इसका आयोजन ट्रांसजेंडर समुदाय, महिला स्वयं सहायता समूहों और स्थानीय नागरिकों के सहयोग से किया गया था। इसका उद्देश्य समाज के हर वर्ग को उपभोक्ता अधिकारों और मानकीकरण के बारे में जानकारी देकर उन्हें सशक्त बनाना था।

कार्यक्रम में, अधिकारियों ने प्रतिभागियों को प्रमाणित उत्पादों की पहचान, हॉलमार्क प्रतीक के महत्व और उपभोक्ता अधिकारों, दायित्वों व सुरक्षा उपायों के बारे में जागरूक किया।

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद

उत्तराखंड विद्यालयी शिक्षा परिषद की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाफल सुधार परीक्षाएं 4 से 11 अगस्त तक आयोजित की जाएंगी।

विद्यालयी शिक्षा परिषद के सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि शुक्रवार को परिषद कार्यालय सभागार में परीक्षा कार्यक्रम निर्धारण के लिए आहूत परीक्षा समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री

केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने मसूरी स्थित "लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक एकैडमी' में आईएएस अधिकारियों को संबोधित किया। उन्होंने विकसित भारत के निर्माण में सिविल सेवकों की परिवर्तनकारी भूमिका पर बात की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नैतिक शासन और जन–प्रथम सेवा के मंत्र पर प्रकाश डाला। इस दौरान केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों से ईमानदारी, नवाचार और समावेशी विकास के पथप्रदर्शक बनने का आग्रह किया।

इससे पहले, राज्य के कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मसूरी में केंद्रीय खेल मंत्री से मुलाकात की और उन्हें हाउस ऑफ हिमालयास के स्थानीय उत्पादों से बनी एक किट भेंट की। इस दौरान श्री जोशी ने मसूरी के भिलाडू में बहुप्रतीक्षित खेल मैदान के लिए केंद्र से सहयोग माँगा। इस पर केंद्रीय मंत्री डॉ. मंडाविया ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कांवड़ यात्रा

प्रदेश में कल से शुरू हुई श्रावण मास की पवित्र कांवड़ यात्रा पूरे उत्साह और उमंग के साथ जारी है। पौड़ी के बाघखाला में कांवड़ भक्तों पर पुष्प वर्षा, माला पहनाकर और प्रसाद वितरण कर उनका भव्य स्वागत किया गया। हर–हर महादेव के जयघोष और ढोल–नगाड़ों के बीच शिवभक्तों की सेवा को समर्पित यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था, भक्ति तथा सौहार्द का प्रतीक बन गया। पौड़ी जिला प्रशासन ने बताया कि स्वर्गाश्रम–जौंक क्षेत्र, नीलकंठ मंदिर और नीलकंठ मार्ग सहित बाघखाला में कांवड़ मेले को लेकर पूरी तरह से श्रद्धामय माहौल बना हुआ है। भगवान शिव के भक्तों की सेवा में समर्पित प्रशासन के अधिकारी लगातार कार्य में जुटे हुए हैं। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और शौचालय की व्यवस्था की गयी है।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर पौड़ी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से राष्ट्र के लिए मध्यस्थता अभियान चलाया जा रहा है। 1 जुलाई से 30 सितंबर तक चलने वाले इस अभियान का उद्देश्य लंबित न्यायिक मामलों का त्वरित और आपसी समझौते के आधार पर निस्तारण करना है। इस अभियान के अंतर्गत वैवाहिक विवाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, ऋण वसूली, सेवा संबंधी मामले, घरेलू हिंसा और उपभोक्ता विवादों को प्राथमिकता दी जा रही है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अकरम अली ने बताया कि सभी मामलों का निशुल्क निस्तारण किया जाएगा।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग प्रदेश में 24 और 28 जुलाई को होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियों में जुटा है। इसके लिए चुनाव कार्मिकों को लगातार प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में अल्मोड़ा के एसएसजे विश्वविद्यालय में पीठासीन अधिकारी प्रथम, सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को दो दिवसीय सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पहले दिन दो पालियों में 900 मतदान अधिकारियों को सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान में किसी प्रकार की त्रुटि न हो, इसके लिए मतदान अधिकारियों को सैद्धांतिक और व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है।